'ग्यारहवां 11 वाँ मोन्टफोर्ट कप बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2019–20

प्रथम दिवसीय कार्यक्रम

सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल भोपाल में दिनांक 08/11/2019 से 09/11/2019 तक 'ग्यारहवां मोन्टफोर्ट कप बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिवस में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय श्री राजेन्द्र मिश्रा जी आई पी. एस, ए. डी जी , पी एच क्यू भोपाल पधारे ।

'' अस्तो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय'' इन्ही सुविचारों के साथ मुख्य अतिथि महोदय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

कार्यक्रम के गणमान्य अतिथि महोदय श्री मुख्त्यार सिंह जी – अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच एवं श्री संजय श्रीवास – चेयरमैन बोर्ड के अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

क्रमशः प्रभु आराधना करते हुए प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया । इसके उपरान्त प्राचार्य जी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। छात्रों में जोश बढ़ाने हेतु उत्साहवर्धक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुती दी गई । तालियों की गड़गड़ाहट ने छात्रों का स्नेहपूर्ण स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्यालय के टीम की कप्तान आरूषी सोनी ने टूर्नामेन्ट हेतु शपथ दिलवाई । तदोपरांत मुख्य अतिथि महोदय जी ने अपने भाषण में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला एवं टूर्नामेन्ट ओपन करने की घोषणा की। सेंट मोन्ट भोपाल के बास्केट बॉल कोर्ट 1 एवं 2 में छात्र –छात्राओं के मैच एक साथ प्रारम्भ किए गए। इस प्रतिस्पर्धा में भोपाल के अन्य स्कूलों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिनमें छात्रों की लगभग 13 टीमें एवं छात्राओं की लगभग 8 टीमें सम्मिलित हुईं । इन टीमों की स्पर्धा में रैफरी के रूप में श्री दामोदर प्रसाद जी श्री ए सुरेश जी श्री प्रदीप मिश्रा जी श्री वसन्त शाक्या जी , श्री विजय शर्मा जी , श्री अभिनव गायकवाड जी , श्री सुनील शर्मा जी एवं श्री संजय पाटिल जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया ।

प्रथम दिवस मैचों में बालिका श्रेणी में पहला मैंच सेंट क्वीन मेरी एवं सेंट थेरेसा के बीच खेला गया। जिसमें सेंट थेरेसा ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैंच में सेंट पॉल को मोन्टफोर्ट भोपाल ने हराया । तीसरा मैच एशिया पेसेफिक एवं डी. पी. एस. के बीच खेला गया। इस भिड़न्त में डी .पी.एस ने बाजी मारी । बिलाबॉग एवं सेंट जोसेफ की कॉटे की टक्कर रही जिसमें सेंट जोसेफ ने बाजी मारी । सेंट जेवियर एवं सेंट थेरेसा के बीच 5वाँ मैंच द्वितीय पारी में खेला गया।

इसी क्रम में बालक श्रेणी में भी जीत की श्रृंखला जारी रही । प्रथम मैच में सेंट जेवियर को मदर टेरेसा ने हराया। दूसरे मैंच में क्वीन मेरी एवं डी. पी एस के मध्य डी. पी एस ने विजय नाद किया। तीसरा मैच सेंट पॉल एवं सेंट मेरी के बीच खेला गया जिसमें सेंट पॉल विजयी रहा। चौथे मैंच में एशियापेसेफिक और सेंट फ्रांसिस रायसेन में कॉटे की टक्कर हुई जिसमें सेंट फ्रांसिस रायसेन ने बाजी मारी । 5वाँ मैंच सेंट जेवियर एवं डी. पी. एस के बीच खेला गया जिसमें डी पी एस विजय शिखा पर रहा ।